अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि IAS / PCS ACADEMY

at a glance...

# Master in Current Affairs

For All Competitive Exams

**12 AUG 2023**

## TOP 10 NEWS With MCQs

### प्रमुख बिन्दु

- राष्ट्रीय समाचार
- अंतर्राष्ट्रीय समाचार
- खेल-कूद
- पुरस्कार/सम्मान
- महत्वपूर्ण दिवस
- बैंकिंग व अर्थव्यवस्था
- नव नियुक्तियाँ
- निधन
- विज्ञान व प्रौद्योगिकी
- विविध घटनाएँ

### USEFUL FOR

IAS | PCS
BANK | SSC
RAILWAY
S-TET | UPSI
STATE EXAMS

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**1. भारत ने स्वायत्त अंडरवाटर वाहन 'नीराक्षी' लॉन्च किया**



- खदानों का पता लगाने के लिए डिज़ाइन किया गया और देश में अपनी तरह का पहला स्वायत्त पानी के नीचे का वाहन (एयूवी) लॉन्च किया गया।
- 'नीराक्षी' नामक एयूवी कोलकाता स्थित युद्धपोत निर्माता गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड और एमएसएमई इकाई एईपीएल का सहयोग है।
- यह 2.1 मीटर लंबा बेलनाकार मानव रहित वाहन है जिसका व्यास लगभग एक फुट है और इसका वजन लगभग 45 किलोग्राम है।

**2. देश के शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए देशव्यापी 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान शुरू किया गया**




- देश के शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए देशव्यापी 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान शुरू किया गया है.
- यह अभियान इस महीने की 30 तारीख तक जारी रहेगा. इसमें राष्ट्रीय, राज्य, ब्लॉक और गांव स्तर के साथ-साथ स्थानीय शहरी निकायों के कार्यक्रम भी शामिल होंगे.
- पीएम मोदी ने हाल ही में आकाशवाणी पर प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान इस अभियान की घोषणा की थी.

**3. तीसरी G20 भ्रष्टाचार विरोधी कार्य समूह की बैठक कोलकाता में आयोजित की गई**




- भारत की अध्यक्षता में G20 भ्रष्टाचार विरोधी कार्य समूह (ACWG) की तीसरी और अंतिम बैठक कोलकाता में आयोजित की गई है।
- बैठक में जी20 सदस्य देशों, 10 आमंत्रित देशों और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 154 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।
- इसके बाद 12 अगस्त 2023 को जी20 भ्रष्टाचार विरोधी मंत्रिस्तरीय बैठक होगी, जिसकी अध्यक्षता डॉ. जितेंद्र सिंह करेंगे।

**4. नई दिल्ली में 9वें इंडिया- इंटरनेशनल एमएसएमई एक्सपो और शिखर सम्मेलन 2023 का उद्घाटन हुआ**



- जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नई दिल्ली में 9वें भारत अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई एक्सपो और शिखर सम्मेलन 2023 का उद्घाटन किया है.
- इस एक्सपो में जम्मू-कश्मीर की ओर से 40 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया.
- इसके साथ ही उपराज्यपाल ने जम्मू-कश्मीर के एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) बॉक्स का भी उद्घाटन किया.

**5. केरल की विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र से राज्य के नाम में परिवर्तन करने का आग्रह किया**



- केरल विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र से संविधान और सभी कार्यालय रिकॉर्ड में राज्य का नाम बदलकर "केरलम" करने का आग्रह किया है.
- मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन द्वारा पेश किया गया प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया.
- 'केरल' नाम की उत्पत्ति के बारे में कई सिद्धांत हैं.
- केरल का उल्लेख करने वाला सबसे पहला पुरालेख रिकॉर्ड सम्राट अशोक का 257 BC का शिलालेख II है.

**6. जियो हैप्टिक को 13वें वार्षिक एंटरप्रेन्योर इंडिया अवार्ड्स में टेक स्टार्टअप ऑफ द ईयर (AI) का अवार्ड किसे दिया**




- जियो हैप्टिक (Jio Haptik) को 13वें वार्षिक एंटरप्रेन्योर इंडिया अवार्ड्स में टेक स्टार्टअप ऑफ द ईयर (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) अवार्ड से सम्मानित किया गया है.
- जियो हैप्टिक की सीईओ और सह-संस्थापक आकृति वैश्य है. इस अवार्ड का आयोजन एंटरप्रेन्योर इंडिया (Entrepreneur India) द्वारा किया गया.
- एंटरप्रेन्योर इंडिया अवार्ड्स विभिन्न क्षेत्रों में देश के सबसे नवोन्मेषी उद्यमियों और व्यवसायों को मान्यता देता है.

**7. एलओसी के पास भारत के पहले पोस्ट ऑफिस का उद्घाटन जम्मू-कश्मीर में किया**




- एलओसी के पास भारत के पहले पोस्ट ऑफिस का उद्घाटन जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में किया गया है.
- यह पोस्ट ऑफिस वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास किशनगंगा नदी के तट पर स्थित है.
- इस पोस्ट ऑफिस का पिन कोड 193224 है.

**8. आईआरएस अधिकारी संजय कुमार अग्रवाल ने सीबीआईसी के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला**



- आईआरएस अधिकारी संजय कुमार अग्रवाल ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला लिया है.
- अग्रवाल ने विवेक जौहरी का स्थान लिया जो 31 मई को सीबीआईसी प्रमुख के रूप में रिटायर हुए थे.
- सीबीआईसी, वित्त मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय है.

**9. भारतीय रिज़र्व बैंक ने रेपो रेट को 6.5%पर बरक़रार रखा**




- भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत रेपो दर (Repo rate) को 6.5% पर अपरिवर्तित रखा है.
- यह लगातार तीसरी बार है जब एमपीसी ने रेपो रेट को अपरिवर्तित रखा है.
- इससे पहले जून 2023 में हुई बैठक में भी इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया था.
- मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) केंद्र सरकार द्वारा स्थापित और आरबीआई के नेतृत्व वाली एक समिति है.

**10. जम्मू और कश्मीर के राजौरी चिकरी वुडक्राफ्ट को भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्रदान किया**



- केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के राजौरी चिकरी वुडक्राफ्ट को भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्रदान किया गया है.
- इसके साथ ही राज्य के अनंतनाग जिले के मुश्कबुदजी किस्म के चावल को भी जीआई टैग प्रदान किया गया है.
- जीआई टैग भारत में भौगोलिक संकेतों का संक्षिप्त रूप है.
- जीआई टैग प्राकृतिक या मानव निर्मित दोनों तरह के उत्पादों को प्रदान किए जाते हैं.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. 'नीराक्षी' हाल ही में चर्चा में है, यह क्या है?**
(a) मिसाइल प्रणाली
(b) स्वायत्त अंडरवाटर वाहन
(c) ऑपरेटिंग सिस्टम
(d) रैंसमवेयर

**2. देश के शहीद वीर जवानों के सम्मान में कौन-सा राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया है?**
(a) 'देश के वीर जवान'
(b) 'मेरी माटी मेरा देश'
(c) 'भारत के वीर सपूत'
(d) 'मेरा भारत महान'

**3. भारत की अध्यक्षता में G20 भ्रष्टाचार निरोधक कार्य समूह (ACWG) की तीसरी और अंतिम बैठक किस शहर में आयोजित की गई?**
(a) बेंगलुरु
(b) हैदराबाद
(c) चेन्नई
(d) कोलकाता

**4. नई दिल्ली में 9वें इंडिया- इंटरनेशनल एमएसएमई एक्सपो और शिखर सम्मेलन 2023 का उद्घाटन किसने किया?**
(a) मनोज सिन्हा
(b) अमित शाह
(c) राजनाथ सिंह
(d) अरविन्द केजरीवाल

**5. किस राज्य की विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र से राज्य के नाम में परिवर्तन करने का आग्रह किया है?**
(a) हिमाचल प्रदेश
(b) बिहार
(c) असम
(d) केरल

**6. 13वें वार्षिक एंटरप्रेन्योर इंडिया अवार्ड्स में टेक स्टार्टअप ऑफ द ईयर (AI) का अवार्ड किसे दिया गया है?**
(a) ड्रीम 11
(b) गरुण एयरोस्पेस
(c) क्रेड
(d) जियो हैप्टिक

**7. एलओसी के पास भारत के पहले पोस्ट ऑफिस का उद्घाटन जम्मू-कश्मीर के किस जिले में किया गया है?**
(a) उधमपुर
(b) कुपवाड़ा
(c) राजौरी
(d) किश्तवाड़

**8. केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में किसने पदभार संभाला है?**
(a) संजय कुमार अग्रवाल
(b) विवेक जौहरी
(c) संजय सिन्हा
(d) एस के मिश्रा

**9. भारतीय रिज़र्व बैंक ने रेपो रेट को किस दर पर बरक़रार रखा है?**
(a) 6.25%
(b) 6.5%
(c) 6.75%
(d) 6.00%

**10. किस राज्य/यूटी के 'राजौरी चिकरी वुडक्राफ्ट' को जीआई टैग प्रदान किया गया है?**
(a) जम्मू और कश्मीर
(b) असम
(c) ओडिशा
(d) दिल्ली

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (b) | (b) | (d) | (a) | (d) | (d) | (b) | (a) | (b) | (a) |